08.04.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- केन्द्र सरकार ने पचपदरा रिफाईनरी की परियोजना लागत बढाकर 79 हजार 459 करोड़ रूपये करने का फैसला किया– जयपुर मेट्रो के फेज–2 को भी मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और उनकी खुशहाली की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- भारत ने अमरीका और ईरान के बीच संघर्ष विराम का स्वागत किया है।
- देश भर में कल से पोषण पखवाड़ा शुरू होगा–बच्चों के पोषण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी।

केन्द्र सरकार ने बालोतरा के पचपदरा स्थित राजस्थान रिफाईनरी लिमिटेड परियोजना की लागत को बढाकर 79 हजार 459 करोड़ रूपये करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केबिनेट के आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में ये निर्णिय किया गया। बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि पहले इस परियोजना की लागत लगभग 43 हजार करोड़ रूपये थी। श्री वैष्णव ने कहा कि इसके अलावा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन–एचपीसीएल द्वारा 8 हजार 962 करोड़ रूपये के अतिरिक्त इक्विटी निवेश को मंजूरी दे दी है। वहीं बैठक में जयपुर मेट्रो के फेज–2 को भी मंजूरी दी गई। श्री वैष्णव ने बताया कि प्रहलादपुरा से टोड़ी मोड़ तक 41 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में 36 स्टेशन होंगे। इस परियोजना पर 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी।

000

इस परियोजना का क्रियान्वयन राजस्थान मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। फेज–2 कॉरिडोर सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, वीकेआईए, जयपुर एयरपोर्ट, टोंक रोड, एसएमएस अस्पताल और स्टेडियम, अम्बाबाड़ी तथा विद्याधर नगर जैसे प्रमुख गतिविधि केंद्रों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जयपुर मेट्रो फेज–2 की स्वीकृति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा की जयपुर एक बडे बदलाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कदम से शहरी विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही कनेक्टिविटी बढेगी और ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा मिलेगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और उनकी खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बीज से बाजार तक की संकल्पना के साथ किसानों की आय बढाने के लगातार काम किये जा रहे है। वे आज करौली के नांगल शेरपुर गांव में किसान सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश की विभिन्न कृषि उपज मण्डी समितियों में 40 करोड़ 63 लाख रूपये से अधिक के विकास कार्य कराने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने 781 किसान विश्राम स्थलों के लिए 46 करोड़ 86 लाख रूपयें की मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों की आय बढाने के लिए कई पहले की है।

......................

मुख्यमंत्री ने नांगल क्षेत्र में दो मार्गों पर सड़क निर्माण और बालाघाट तहसील में राजकीय महाविद्यायल खोलने की भी घोषणा की। इससे पहले श्री शर्मा ने आज ही बूंदी जिले की इंद्रगढ़ तहसील स्थित गुहाटा गांव पहुंचकर राम जल सेतु लिंक परियोजना के तहत बन रही चंबल एक्वाडक्ट के कामों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राम जल सेतु लिंक परियोजना राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी परियोजना है।

इस परियोजना के माध्यम से पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों में पेयजल और सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा तथा प्रदेश की लगभग 40 फीसदी आबादी इससे लाभांवित होगी।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज लोकभवन से अजमेर स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, की नयी वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने इस वेबसाइट में विद्यार्थियों और अन्य संबंधित लोगों के लिए शैक्षिक जानकारियों और विश्वविद्यालय से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की। उन्होंने शिक्षण में नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों को लगातार प्रत्साहित करने को कहा।

000

भारत ने अमरीका और ईरान के बीच संघर्ष विराम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में विश्वास व्यक्त किया कि, इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति बहाल होगी और होर्मुज जल–डमरू–मध्य से होकर निर्बाध नौवहन और वैश्विक व्यापार जारी रहेगा। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने लगातार तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति का समर्थन किया है। गौरतलब है कि ईरान द्वारा महत्वपूर्ण होर्मुज जल–डमरू–मध्य फिर से खोलने की सहमति के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सुनियोजित सैन्य कार्रवाई पर दो सप्ताह का सशर्त विराम लगाने की घोषणा की। ईरान का 10 सूत्रीय प्रस्ताव इसका आधार बना है। इस बीच विदेश मंत्रालय ने ईरान में तेजी से बदलती स्थिति को देखते हुए वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को भारतीय दूतावास के समन्वय बनाए रखने की सलाह दी है। साथ ही अधिकारियों द्वारा सुझाए गए मार्गों का उपयोग करते हुए जल्द ही ईरान छोड़ने की सलाह दी है। मंत्रालय ने परामर्श में कहा है कि दूतावास से पूर्व परामर्श और समन्वय के बिना किसी भी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास जाने का प्रयास न करें। साथ ही, भारतीय नागरिकों से आधिकारिक अपडेट पर बारीकी से नजर रखने का अनुरोध किया है।

000

पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण हालातों के बीच सरकार ने आज देश भर की खदानों और बिजली संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार होने की पुष्टि की।

नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर आयोजित अंतरमंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव कुमार कस्सी ने कहा कि कोयले की कीमतों में कोई बढोतरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के संकेत मिलने से पहले ही कोयले का पर्याप्त भंडार तैयार कर लिया गया था। वहीं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश भर में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और सामान्य आपूर्ति जारी है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी गई ताकि घरों तक सौ प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति को विनियमित किया गया है।

000

देशभर में कल से पोषण पखवाड़ा शुरू होगा। महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से होने वाले पोषण पखवाड़े का विषय–जीवन के पहले छह वर्ष में मस्तिष्क का अधिकतम विकास रखा गया है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि बचपन, विशेष रूप से पहले एक हजार दिन, दिमागी और शारीरिक विकास तथा समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं।

पखवाड़े के दौरान, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां होंगी। इनमें परिवार, सामुदायिक संस्थाएं और स्थानीय निकाय भाग लेंगे।

इस दौरान पोषण पंचायतें, जागरूकता सत्र, प्रारंभिक प्रोत्साहन गतिविधियां, खेल आधारित शिक्षण पहल और छोटे बच्चों के बीच स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने तथा स्क्रीन टाइम कम करने के अभियान होंगे।

**000**

प्रदेश में महात्मा ज्योतिबा फुले और संविधान निर्मात डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर 11 से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस सिलसिले में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने आज जयपुर स्थित अम्बेडकर भवन में अनुसूचित जाति–जनजाति के प्रबुद्धजनों और राज्य स्तरीय सामाजिक संगठनों तथा संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद श्री गहलोत ने बताया कि 11 अप्रैल को कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के साथ होगा। 14 अप्रैल राज्य स्तरीय समारोह मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कार्यकम में शिरकत करेंगे। कार्यकम में जिला और राज्य स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार और प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा। चार दिनों तक कई जागरूकता कार्यक्रम, छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में बाबा साहब के जीवन पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही "संविधान को जानें" विषय पर एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा, जो 14 अप्रैल तक चलेगी।

**000**